नवभारत
भोपाल, बुधवार 15 जुलाई, 2026

बुजुर्गों और दिव्यांगों पर लाठी-डंडों से हमला

खास बातें

- मानव सेवा न्यास में हुई घटना सीसी टीवी में कैद
- आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस

नवभारत न्यूज

विदिशा 14 जुलाई, पुराने जिला अस्पताल के सामने संचालित मानव सेवा न्यास में सोमवार शाम इंसानियत को शर्मसार कर देने वाली घटना सामने आई. जहां प्रतिदिन बुजुर्गों, दिव्यांगों और बेसहारा लोगों को निःशुल्क भोजन कराया जाता है, वहीं एक युवक ने अचानक लाठी-डंडा लेकर भोजन कर रहे जरूरतमंदों पर हमला कर दिया. पूरी घटना परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई, जिसका वीडियो सामने आने के बाद लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त है.

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार शाम के समय नीली टी-शर्ट पहने एक युवक बिना किसी विवाद के मानव सेवा न्यास परिसर में पहुंचा और हाथ में डंडा लेकर वहां भोजन कर रहे बुजुर्गों, दिव्यांगों और अन्य जरूरतमंद लोगों पर हमला करना शुरू कर दिया. अचानक हुए हमले से परिसर में अफरा-तफरी मच गई. कई बुजुर्ग और दिव्यांग अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे, जबकि कुछ लोग शारीरिक रूप से असहाय होने के कारण अपनी जगह से उठ भी नहीं सके. इस दौरान एक दिव्यांग बुजुर्ग के साथ भी मारपीट की गई, जिससे वहां मौजूद लोगों में दहशत फैल गई.

घटना के बाद मानव सेवा न्यास से जुड़े लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी. सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की. अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत चौबे ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है. नीली टी-शर्ट पहने संदिग्ध युवक की तलाश जारी है तथा उसकी जानकारी देने के लिए पुलिस द्वारा मोबाइल नंबर भी जारी किए गए हैं. आरोपी की गिरफ्तारी के बाद उसके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी.मानव सेवा न्यास वर्षों से गरीब, बेसहारा, बुजुर्ग और दिव्यांग लोगों को सम्मानपूर्वक निःशुल्क भोजन उपलब्ध कराता है. ऐसे सेवा स्थल पर हुई यह हिंसक घटना समाज को झकझोर देने वाली है. स्थानीय नागरिकों और सामाजिक संगठनों ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है. साथ ही मानव सेवा न्यास जैसे सेवा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने, नियमित पुलिस गश्त बढ़ाने और जरूरतमंद लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग भी प्रशासन से की है.

आरोपी की की जा रही तलाशी-टीआई

इस मामले में कोतवाली टीआई आनंद राज का कहना है कि आरोपी अज्ञात है बाहर का प्रतीत हो रहा है. घायलों को मेडीकल कराया गया है. जिसके आधार पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है.उसकी तलाश शुरू कर दी है. सीसीटीव्ही फुटेज और वीडियो के आधार पर आरोपी को तलाशा जा रहा है.

सर्प दिखाई देने पर न घबराएं, सर्प मित्र को बुलाएं

- सर्पदंश होने पर झाड़-फूंक नहीं, गोल्डन आवर में शासकीय अस्पताल पहुंचकर लगवाएं एंटी स्नेक वेनम
- जिले के अस्पतालों में एएसवी की पर्याप्त उपलब्धता

नवभारत न्यूज

विदिशा . बरसात के मौसम में सर्पों के निकलने की घटनाएं बढ़ने के मद्देनजर जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग ने आमजन से अपील की है कि घर, खेत या आसपास कहीं भी सर्प दिखाई देने पर घबराएं नहीं और न ही उसे पकड़ने अथवा मारने का प्रयास करें. ऐसी स्थिति में अपने क्षेत्र के प्रशिक्षित सर्प मित्र से तुरंत संपर्क करें. सर्प मित्र सुरक्षित तरीके से सर्प का रेस्क्यू कर उसे उसके प्राकृतिक आवास में छोड़ देते हैं.

प्रशासन ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों के लिए सर्प मित्रों की सूची और संपर्क नंबर भी जारी किए हैं. विदिशा क्षेत्र में फिरोज़ खान, राजेश विश्वकर्मा एवं फैज़ल खान, गंजबासौदा में शिवम शर्मा एवं करण विश्वकर्मा, सिरोंज में परवेज़ खान, तथा लटेरी में श्रेयांश जैन एवं श्रीकांत चौबे को सर्प मित्र के रूप में अधिकृत किया गया है.

स्वास्थ्य विभाग ने स्पष्ट किया है कि यदि किसी व्यक्ति को सर्पदंश हो जाए तो घबराने की आवश्यकता नहीं है. पीड़ित को शांत रखें, अनावश्यक चलने-फिरने से बचाएं और गोल्डन आवर के भीतर निकटतम शासकीय अस्पताल पहुंचाएं. सर्पदंश का प्रभावी उपचार केवल एंटी स्नेक वेनम (एएसवी) इंजेक्शन है. झाड़-फूंक, तांत्रिक उपचार या घरेलू नुस्खों पर विश्वास करना जानलेवा साबित हो सकता है और उपचार में देरी से मरीज की जान को खतरा बढ़ जाता है.मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अनुसार जिले के सभी शासकीय अस्पतालों में एंटी स्नेक वेनम की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की गई है. वर्तमान में सीएमएचओ स्टोर में 214 वायल, लटेरी में 33, गंजबासौदा एवं सिरोंज में 30-30, त्योंदा में 25, नटेरन में 20, शमशाबाद में 15 तथा अन्य स्वास्थ्य संस्थानों में भी आवश्यकता के अनुरूप एएसवी उपलब्ध है.जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि सर्पों का संरक्षण करें, क्योंकि वे पर्यावरण और जैव विविधता के महत्वपूर्ण अंग हैं तथा खेतों में हानिकारक चूहों और अन्य जीवों की संख्या नियंत्रित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं. सर्प दिखाई देने पर उन्हें नुकसान पहुंचाने के बजाय सर्प मित्र को बुलाकर सुरक्षित रेस्क्यू कराएं. वहीं सर्पदंश की स्थिति में बिना समय गंवाए शासकीय अस्पताल पहुंचकर वैज्ञानिक एवं समुचित उपचार कराएं.

मंदिर निर्माण से जुड़े कारीगर ने आश्रम को दिए 25 हजार रुपये

नवभारत न्यूज

विदिशा. इंसानियत और सेवा का प्रेरक उदाहरण उस समय देखने को मिला जब राजस्थान के आबू रोड निवासी मोहम्मद हुसैन ने विदिशा के विट्ठल नगर स्थित अपना घर आश्रम की सेवा व्यवस्था से प्रभावित होकर 25 हजार रुपये का सहयोग प्रदान किया. वे इन दिनों गोवर्धननाथ जी की हवेली में निर्माणाधीन मार्बल मंदिर के कार्य से विदिशा आए हुए हैं.आश्रम का भ्रमण करने के दौरान उन्होंने वहां रह रहे मंदबुद्धि, असहाय और बेसहारा लोगों की सेवा व्यवस्था देखी. इससे प्रभावित होकर वे अगले दिन फिर आश्रम पहुंचे, भोजन सेवा में सहयोग किया और आश्रम अध्यक्ष डॉ. जी.के. महेश्वरी को सेवा कार्यों के लिए 25 हजार रुपये की राशि भेंट की.आश्रम परिवार ने उनके इस सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सेवा का कोई धर्म नहीं होता. मोहम्मद हुसैन का यह कदम सामाजिक समरसता, आपसी सद्भाव और मानव सेवा का प्रेरणादायक उदाहरण है.

गंजबासौदा में 10 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ तस्कर गिरफ्तार, 1.10 लाख रुपये का मादक पदार्थ जब्त

- विदिशा पुलिस का नशे के कारोबार पर बड़ा प्रहार

नवभारत न्यूज

विदिशा. जिले में नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना बासौदा शहर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 10 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है. जब्त मादक पदार्थ की अनुमानित कीमत करीब 1 लाख 10 हजार रुपये बताई गई है. आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया है.

पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन में जिलेभर में अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है. इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे तथा एसडीओपी गंजबासौदा श्रीमती शिखा भलावी के मार्गदर्शन में थाना बासौदा शहर पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि रामलीला मैदान के मंच के पास एक युवक ब्राउन शुगर बेचने की फिराक में खड़ा है.

सूचना मिलते ही थाना प्रभारी संजय वेदिया के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और संदिग्ध युवक को पकड़ लिया. तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 10 ग्राम अवैध मादक पदार्थ ब्राउन शुगर बरामद हुई, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 1.10 लाख रुपये आंकी गई है. पुलिस ने मादक पदार्थ को जब्त कर आरोपी के खिलाफ थाना बासौदा शहर में अपराध क्रमांक 518/2026 के तहत धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट में प्रकरण दर्ज किया.गिरफ्तार आरोपी की पहचान अभय गौड़ (27 वर्ष), पिता अशोक गौड़, निवासी केशव वाटिका वाली गली, गंजबासौदा के रूप में हुई है. आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया.इस कार्रवाई में थाना प्रभारी संजय वेदिया, उपनिरीक्षक राधेश्याम यादव, प्रधान आरक्षक सुरेश रघुवंशी तथा आरक्षक सरमन साहू, सुमित अवस्थी, राहुल सरवैया, अनिल यादव और रत्नेश रोहित की सराहनीय भूमिका रही.विदिशा पुलिस ने आमजन से अपील की है कि नशे के अवैध कारोबार या मादक पदार्थों की बिक्री से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी तत्काल पुलिस को दें. सूचना देने वाले की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी. पुलिस ने स्पष्ट किया है कि जिले में नशे के कारोबार के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा.

ब्रिज की दीवार में धंसाव अथवा नींव हिलने जैसी कोई स्थिति नहीं है

दीवार का काम पूरा होना है बाकी, चल रहा है निर्माण कार्य

नवभारत न्यूज

विदिशा. सांची रोड स्थित कमापार के पास टूलेन हाइवे पुल के नजदीक बनी एक दीवार का हिस्सा क्षतिग्रस्त होता हुआ दिखाई दे रहा था. जिस पर एनएचएआई के अधिकारियों ने कहा कि उस हिस्से में निर्माण कार्य चल रहा है और कार्य प्रगति पर है अभी तक कार्य पूर्ण नहीं हुआ है यह निर्माण कार्य पूरी तकनीक के साथ किया जा रहा है.

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण एनएचएआई की परियोजना कार्यान्वयन इकाई, विदिशा ने एनएचएआई ने स्पष्ट किया कि जिस हिस्से को समाचार में क्षतिग्रस्त बताया गया है, वह अभी निर्माणाधीन है और उसका कार्य पूरा होना शेष है.प्राधिकरण का कहना है कि संबंधित स्थान पर किसी भी प्रकार की रिटेनिंग वॉल क्षतिग्रस्त नहीं हुई है और न ही उसकी संरचनात्मक विफलता, धंसाव अथवा नींव हिलने जैसी कोई स्थिति है. रिटेनिंग वॉल पूरी तरह सुरक्षित एवं स्थिर है.प्राधिकरण के अनुसार रिटेनिंग वॉल का निर्माण चरणबद्ध लिफ्ट-वाइज प्रक्रिया से किया जा रहा है. आगामी निर्माण कार्य के लिए रिटेनिंग वॉल के निचले हिस्से को एक्सपोज करने के उद्देश्य से निर्माण एजेंसी द्वारा नियोजित तरीके से सीमित मात्रा में मिट्टी हटाई गई थी. एनएचएआई ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का निर्माण भारतीय मानकों, स्वीकृत डिजाइनों, गुणवत्ता नियंत्रण प्रणाली और नियमित तकनीकी निरीक्षण के तहत किया जाता है.

समझाइश देकर रुकवाया 13 वर्षीय बालिका का बाल विवाह

नवभारत न्यूज

सिरोंज. चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर मिली सूचना के आधार पर महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम ने ग्राम छुट्आ पहुंचकर 13 वर्षीय बालिका का बाल विवाह रुकवाया. दस्तावेजों की जांच में बालिका की जन्मतिथि 20 फरवरी 2013 पाई गई, जबकि घर पर विवाह की तैयारियां चल रही थीं. जिला कार्यक्रम अधिकारी विनीता लोढ़ा के निर्देशन में प्रभारी परियोजना अधिकारी ईमाबेला किस्पोट्टा एवं टीम ने परिजनों और रिश्तेदारों को समझाइश देकर विवाह रुकवाया. कार्रवाई के दौरान विभागीय अधिकारी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और पुलिस आरक्षक मौजूद रहे.

ईगल ताइक्कांडो अकादमी ने फिर लहराया परचम

नवभारत न्यूज

विदिशा. जिला ताइक्कांडो एसोसिएशन विदिशा के तत्वावधान में खेल परिसर स्टेडियम में आयोजित 22वीं जिला ताइक्कांडो प्रतियोगिता-2026 में ईगल ताइक्कांडो अकादमी के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सब जूनियर वर्ग में जिले में द्वितीय स्थान (रनर-अप) प्राप्त कर अकादमी का परचम लहराया. प्रतियोगिता 12 जुलाई को आयोजित हुई, जिसमें विभिन्न आयु एवं वजन वर्गों में खिलाड़ियों ने दमदार प्रदर्शन किया.

ईगल ताइक्कांडो अकादमी के संचालक रोहन कुशवाह ने बताया कि सब जूनियर वर्ग में राघव तिवारी (18-21 किग्रा), अनविका रघुवंशी (18-20 किग्रा), रित्वि सक्सेना (22-24 किग्रा), शान्वी चौकसे (29-32 किग्रा) और अवनी पाठक (41-47 किग्रा) ने स्वर्ण पदक जीतकर अकादमी का गौरव बढ़ाया.कैडेट वर्ग में परी प्रजापति (33-37 किग्रा), श्रवण अहिरवार (53-57 किग्रा), नव खुराना (57-61 किग्रा) तथा आयुष कुशवाह (65 प्लस किग्रा) ने स्वर्ण पदक अपने नाम किए.प्रतियोगिता में देवांशी यादव (20-22 किग्रा), सौम्या सोनी (48-52 किग्रा) और गौरव सोनी (73-78 किग्रा) ने रजत पदक हासिल किया. वहीं ऋग्वेद यादव (16 किग्रा), युवराज जैन (18-21 किग्रा), अंबिका राजपूत (20-22 किग्रा), विहान रघुवंशी (29-32 किग्रा), शिवांशी सोनी (33-37 किग्रा) तथा सूफियान खान (38-41 किग्रा) ने कांस्य पदक जीतकर अकादमी की उपलब्धियों में इजाफा किया.इसके अलावा आरुष नेमा, पूरब सोनी, युगांत जैन, अबीर बंसल और आरव जैन ने भी प्रतियोगिता में भाग लेकर सराहनीय प्रदर्शन किया.प्रतियोगिता के दौरान अध्यक्ष दिलीप थापा एवं दौलतराम कुशवाह सहित उपस्थित अतिथियों और खिलाड़ियों के अभिभावकों ने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं.ईगल ताइक्कांडो अकादमी की संचालक अनुष्का पांडे एवं संचालक रोहन कुशवाह ने खिलाड़ियों की सफलता पर प्रसन्नता की.

लक्ष्मी नारायण मंदिर नंदवाना से 16 जुलाई को निकलेगी भगवान जगदीश स्वामी की भव्य रथयात्रा

नवभारत न्यूज

विदिशा, लक्ष्मी नारायण मंदिर, नंदवाना के तत्वावधान में भगवान श्री जगदीश स्वामी की पारंपरिक भव्य रथयात्रा का आयोजन गुरुवार 16 जुलाई को श्रद्धा और उत्साह के साथ किया जाएगा. प्रतिवर्ष आयोजित होने वाली इस रथयात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है.

रथयात्रा का शुभारंभ प्रातः 10 बजे लक्ष्मी नारायण मंदिर में महाआरती एवं विशेष पूजन के बाद होगा. इसके पश्चात भगवान जगदीश स्वामी, सुभद्रा जी एवं बलभद्र जी विराजमान रथ नगर के प्रमुख मार्गों से होकर भ्रमण करेगा. यात्रा के दौरान श्रद्धालु भगवान के जयकारे लगाते हुए भजन-कीर्तन करेंगे.रथयात्रा में विभिन्न भजन मंडलियों द्वारा संगीतमय प्रस्तुतियां, आकर्षक धार्मिक झांकियां तथा बैंड-बाजों की मधुर धुन श्रद्धालुओं को भक्तिमय वातावरण का अनुभव कराएंगी. नगर के विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं द्वारा भगवान का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया जाएगा तथा प्रसादी का वितरण भी किया जाएगा.स्थानीय पार्षद आशीष माहेश्वरी ने बताया कि रथयात्रा का उद्देश्य समाज में धार्मिक एकता, भाईचारा और सामाजिक समरसता का संदेश देना है. उन्होंने कहा कि इस आयोजन में नगर के सभी वर्गों की सहभागिता रहती है, जिससे आपसी सद्भाव और धार्मिक आस्था को बल मिलता है.

मौसम | **15 से 17 जुलाई तक हल्की बूंदाबांदी की संभावना, 19 से 21 जुलाई के बीच अच्छी वर्षा का पूर्वानुमान**

फिर मेहरबान होगा मानसून, 18 जुलाई से झमाझम बारिश के आसार

नवभारत न्यूज

विदिशा,जिले में पिछले कुछ दिनों से मानसून की सुस्त चाल ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है. खेतों में बोई गई खरीफ फसलों को इस समय पर्याप्त नमी की आवश्यकता है, लेकिन बारिश का सिलसिला कमजोर पड़ने से कृषि कार्यों की रफ्तार प्रभावित होने लगी है. ऐसे में मौसम विभाग के ताजा पूर्वानुमान ने किसानों के लिए राहत की उम्मीद जगाई है.

विभाग के अनुसार 15 से 17 जुलाई तक जिले में कहीं-कहीं हल्की बारिश और गरज-चमक की स्थिति बनी रहेगी. जबकि 18 जुलाई से मानसून के दोबारा सक्रिय होने और 19 से 21 जुलाई के बीच अच्छी वर्षा होने की प्रबल संभावना है. यदि यह पूर्वानुमान सही साबित होता है तो न केवल खेतों में नमी बढ़ेगी, बल्कि खरीफ फसलों की बढ़वार को भी नया जीवन मिलेगा और जलाशयों में पानी की आवक तेज होगी.मौसम विशेषज्ञों के अनुसार फिलहाल मध्य प्रदेश के मध्य हिस्सों में मानसून कुछ कमजोर पड़ा है. लेकिन बंगाल की खाड़ी में विकसित हो रहे नए मौसम तंत्र के प्रभाव से सप्ताहांत के बाद बारिश की गतिविधियां तेज होने के संकेत हैं. इसका असर विदिशा सहित आसपास के जिलों में भी देखने को मिल सकता है.

मौसम के अनुरूप कृषि कार्य करने से उत्पादन में बेहतर परिणाम मिल सकते हैं.लगातार उमस और गर्मी से परेशान लोगों को भी बारिश से राहत मिलने की उम्मीद है. मौसम विभाग ने गरज-चमक के दौरान खुले मैदान, पेड़ों और बिजली के खंभों से दूर रहने तथा खेतों में काम कर रहे किसानों को विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी है.यदि अगले सप्ताह अनुमान के अनुरूप अच्छी बारिश होती है तो जिले के तालाबों, बांधों और जलाशयों का जलस्तर बढ़ेगा. भूजल स्तर में सुधार होगा और खरीफ सीजन की खेती को नई गति मिलेगी. किसानों के साथ-साथ आम नागरिकों की निगाहें अब 18 जुलाई के बाद होने वाली बारिश पर टिकी हैं.

खरीफ फसलों को मिलेगा संबल, किसानों की बढ़ीं उम्मीदें

जिले के किसानों का कहना है कि सोयाबीन, उड़द, मूंग, मक्का और धान की फसल इस समय शुरुआती वृद्धि के महत्वपूर्ण दौर में है. लगातार अच्छी नमी मिलने पर पौधों की जड़ें मजबूत होंगी, अंकुरण बेहतर होगा और उत्पादन क्षमता बढ़ेगी. वहीं जिन क्षेत्रों में अभी तक बुआई पूरी नहीं हो सकी है, वहां भी अच्छी बारिश के बाद कृषि कार्यों में तेजी आएगी. पर्याप्त वर्षा होने से किसानों को बार-बार सिंचाई करने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी. जिससे डीजल और बिजली पर होने वाला अतिरिक्त खर्च भी बचेगा.कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि अच्छी बारिश के बाद किसान खेतों में खरपतवार नियंत्रण, उर्वरकों का संतुलित उपयोग और फसल संरक्षण के कार्य समय पर करें. जलभराव वाले क्षेत्रों में पानी की निकासी की व्यवस्था भी जरूरी है. ताकि फसलों को नुकसान न पहुंचे.